सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के लिए पॉलिसी जल्द : योगी

कहा-स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती और विश्वसनीय हों

■ **NBT न्यूज, आगरा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार, समाज और संस्थाएं एक दिशा में काम करते है तो उसका परिणाम विश्वास के रूप में सामने आता है। विश्वास ही किसी समाज और राज्य की सबसे बड़ी पूंजी है। आज उत्तर प्रदेश देश में विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है।

सिकंदरा स्थित एक निजी अस्पताल के लोकार्पण के बाद योगी ने पिछली सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में 'एक जिला-एक माफिया' की स्थिति थी। अब सरकार 'एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज' की दिशा में काम कर रही है। प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज हो गए है और सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल शुरू करने के लिए नई पॉलिसी लाई जा रही है। सरकार निजी क्षेत्र में अस्पताल और मेडिकल कॉलेज स्थापित करने में सहयोग कर रही है, ताकि लोगों को सस्ता और बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 5 करोड़ 60 लाख गोल्डन कार्ड जारी हो चुके हैं और 10 करोड़ का लक्ष्य जल्द पूरा होगा। अनुदेशक, शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी व आशा वर्कर्स और रसोइयों समेत 10 लाख से अधिक लोगों को सालाना 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा दी गई है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में हाइवे, एक्सप्रेसवे, सड़क और स्वास्थ्य ढांचे में तेज विकास का भी जिक्र किया।